भारत सरकार

खान मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1007

दिनांक 26.07.2023 को उत्तर देने के लिए

सोने की खान

†1007. श्री एस. मुनिस्वामी:

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) क्या मंत्रालय को देश में सोने की खानों सं संबंधित किसी स्थान का पता चला है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या कर्नाटक के कोलार से सटे आन्ध्र प्रदेश में किसी स्थान पर सोने का खनन शुरू किए जाने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या मंत्रालय कोलार गोल्ड फील्डस सहित फिर से खनन के माध्यम से देश में सोने की आवश्यकताओं को पूरा करने की योजना बना रहा है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

खान, कोयला एवं संसदीय कार्य मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) से (ङ) मंत्रालय के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, वित्त वर्ष 2015-16 से भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और मिनरल एक्सप्लोरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमईसीएल) द्वारा विभिन्न राज्यों को सौंपी गईं सोने की संसाधन संबंधी भूवैज्ञानिक रिपोर्टों का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है। वर्ष 2016-18 के दौरान एमईसीएल ने कोलार गोल्ड फील्ड में भारत गोल्ड माइंस लिमिटेड के टेलिंग डंप्स पर विस्तृत गवेषण किया है और टेलिंग डंप्स से 24279 किलोग्राम सोने का अनुमान लगाया है। तथापि, खान मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालय भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम) द्वारा किया गया सज्जीकरण अध्ययन दर्शाता है कि केवल 54% सोने की मात्रा ही पुनर्प्राप्ति के योग्य है। इनके अतिरिक्त, खनिज सोने के गवेषण के जी4 स्तर के 42 भूवैज्ञानिक ज्ञापन भी राज्यों को सौंपे गए हैं जिनके लिए संसाधनों का अनुमान नहीं लगाया गया है।

आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार, राज्य सरकार ने नीलामी प्रक्रिया पूरी कर ली है और मैसर्स राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड के पक्ष में चिगुरुगुंटा-बिसनाथम सोना ब्लॉक के लिए आशय पत्र जारी किया है।

*****

अनुबंध

वित्त वर्ष 2015-16 से भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण/मिनरल एक्सप्लोरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा संबंधित राज्य सरकार को सौंपी गई संसाधन संबंधी भूवैज्ञानिक रिपोर्टों का ब्यौरा:

क्र.सं.	राज्य	जिला	खनिज ब्लॉक/क्षेत्र/बेल्ट का नाम	गवेषण चरण	सौंपने का वर्ष
1	झारखंड	पूर्व सिंहभूम	झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के भीतर दारी ब्लॉक में सोने का प्रारंभिक गवेषण	जी3	03.06.2020
2	कर्नाटक	तुमकुर	कर्नाटक के तुमकुरु जिले के अज्जनहल्ली ब्लॉक-ई में सोने का सामान्य गवेषण	जी2	28.06.2018
3	कर्नाटक	तुमकुर	कर्नाटक के तुमकुरु जिले के अज्जनहल्ली ब्लॉक-जी में सोने की जांच	जी2	25.04.2019
4	मध्य प्रदेश	सीधी	मध्य प्रदेश के सीधी जिले के चकरिया ब्लॉक में सोने के खनिजीकरण का सामान्य गवेषण	जी2	02.01.2018
5	मध्य प्रदेश	कटनी	इमलिया ब्लॉक, स्लीमनाबाद क्षेत्र, कटनी जिला, मध्य प्रदेश में सोना, चांदी एवं आधारधातु के लिए सामान्य गवेषण	जी2	02.01.2018
6	कर्नाटक	हसन	केम्पिन्कोट स्वर्ण ब्लॉक	जी2	अगस्त 2017